# लोकगीतों की प्रस्तुति से वर्षगांठ समारोह का समापन

भोपाल (काप्र)।

**कला, संस्कृति, परंपरा और उत्सव से भरपूर विविध कलाओं के केंद्र भारत भवन में आयोजित 43वे वर्षगांठ समारोह की अंतिम सभा गुरुवार को सम्पन्न हुई। समारोह के अंतिम दिन मध्यप्रदेश के विभिन्न अंचलों की मिट्टी की सुगंध लिए लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति का महक उठा बहुकला केंद्र का अंतरंग सभागार।**

जिसमें एक साथ एक मंच पर प्रदेश के बघेली, बुंदेली, निमाड़ी और मालवी लोक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी जो श्रोताओं की स्मृति में सदा के लिए बस गई। कार्यक्रम में शिवांगी पांडे ने बघेली, उर्मिला पांडे ने बुंदेलखंड, मनीषा शास्त्री ने निमाड़ी और स्वाति उखले ने मालवी लोकगीतों को पेश किया। एक के बाद एक प्रदेश के अलग अलग अंचलों से पेश होते गीतों का यह नवाचार मध्यप्रदेश में पहली बार किया गया। इस दौरान कलाकारों ने भक्ति गीत, संस्कार गीत, पर्व और परंपरा के बाद ऋतुओं पर केंद्रित मधुर प्रस्तुति दी। पारंपरिक वाद्ययंत्रों और लोक भाषा पर केंद्रित प्रस्तुति में कलाकारों ने अपने अंचल की विरासत को लोकगीतों के माध्यम से पेश किया। लोकगीतों से सजी इस खूबसूरत शाम का मंगलाचरण भक्ति गीतों से हुआ। जहां बघेलखंड की कलाकार शिवांगी पांडे ने अपने साथी कलाकारों के साथ गणेश वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद मनीषा शास्त्री ने नर्मदा मैय्या की स्तुति करते हुए नर्मदा मैय्या तू महारानी छे...गीत सुनाया। इसके बाद उज्जैन की कलाकार स्वाति उखले ने महाकाल वंदना हे श्री महाकाल...सुनाया। बुंदेलखंड की कलाकार उर्मिला पांडे ने गीत गली गली फूल बिछाए देयों री... गीत सुनाया। एक के बाद प्रस्तुत होते लोकगीतों में कलाकारों ने अलग अलग परंपरा से जुड़े गीतों को पेश किया। स्वाति उखले ने जसोदा थारो नटखट नंद किशोर...गीत सुनाया। इसके बाद उन्होंने पानी पड़े रे तुषार... लायो हे मास आषाढ़... के बाद गीत सुनो सहेली ओ अलबेली...गीत पेश किया। वहीं मनीषा शास्त्री ने चलो सखि छोटो सो गणपति बनाओ... हा थारो लिपु न लिपु आंगन...गीत के बाद आयो बसंत बहार...गीत सुनाया। वहीं उर्मिला पांडे ने मोरी काय गोरा... बने दूल्हा छवि देखो भगवान की... गीत के बाद होली गीत श्यामलिया... की प्रस्तुति से माहौल में होली के रंगों की खुशबू बिखेर दी।



प्रदेश के चार अंचलों के मटियारी गीतों से सुगंधित हुई समारोह की अंतिम शाम

## शुक्ल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री को दी बधाई



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने श्रीमती रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्रीमती गुप्ता के नेतृत्व में नवगठित मंत्रि-परिषद विकसित दिल्ली का सपना साकार करेगी और राजधानी का चहुँमुखी विकास होगा। श्री शुक्ल नई दिल्ली में नवगठित मंत्रि-परिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

## मुख्य सचिव ने की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तैयारियों की समीक्षा

भोपाल(काप्र)।

**मुख्य सचिव अनुराग जैन ने भोपाल में आयोजित होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ( जीआईएस ) तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।**

उन्होंने कलेक्टर एवं पुलिस-कमिश्नर को निर्देशित किया कि जीआईएस के दौरान होने वाली परीक्षाओं में कोई अवरोध नहीं हो। इसका विशेष ध्यान रखा जाये, कोई भी विद्यार्थी परीक्षा केंद्र तक जाने से वंचित न रह जाये। श्री जैन ने यातायात व्यवस्था, पार्किंग, ई-बस, ई-कार्ड, बैठक व्यवस्था, होटल, स्वास्थ्य, मेहमानों के भोजन, आकस्मिक प्लान, प्रधानमंत्री की आगमन-प्रस्थान व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों को समझकर निर्वहन करें। टीम वर्क के साथ कार्य करें जिससे प्रदेश के आर्थिक विकास में वृद्धि हो सके। बैठक में स्वास्थ्य, नवकरणीय ऊर्जा, नगरीय प्रशासन, कौशल विकास, उद्यानिकी, खनिज साधन, पर्यटन एवं एमएसएमई विभागों ने प्रेजेंटेशन देकर अपनी तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अशोक बर्णवाल, मनु श्रीवास्तव, अनुपम राजन, प्रमुख सचिव संजय शुक्ल, उमाकांत उमराव, राघवेन्द्र सिंह सचिव, सुदाम पी. खाड़े, एम. रघुराज कलेक्टर भोपाल एवं पुलिस कमिश्नर उपस्थित थे।



## कैलाश चन्द पंत को पं. उद्धवदास मेहता समाज सेवी सम्मान



**भोपाल।** नगर निगम द्वारा स्थापित पं. उद्धवदास मेहता समाज सेवी सम्मान से वरिष्ठ साहित्यकार समाज सेवी कैलाश चंद पंत को 1 लाख रुपये की सम्मान राशि का चेक, शाल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने श्री पंत को चेक, शाल, प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इससे पहले उपस्थितजन ने स्व.श्री मेहता के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कमला पार्क के सामने स्थित आईटीसी पार्क में आयोजित सम्मान समारोह एवं पुष्पांजलि सभा में श्री शर्मा, श्री सबनानी, श्रीमती राय, श्री सूर्यवंशी ने वरिष्ठ साहित्यकार, समाजसेवी कैलाश चंद पंत को साहित्य समाज सेवा एवं पत्रकारिता के समन्वय हेतु दिए गए विशेष योगदान के दृष्टिगत 1 लाख की सम्मान राशि, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। पूर्व मंत्री दीपक जोशी, महापौर परिषद के सदस्यद्वय मनोज राठौर व जगदीश यादव, जोन अध्यक्ष श्रीमती आरती अनेजा, पार्षद श्रीमती कुसुम चतुर्वेदी के अलावा वरिष्ठ पत्रकार विजय दत्त श्रीधर व रमेश शर्मा, पं. ओम मेहता, गोपाल मेहता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

